# वृषभ  राशि फल वर्ष २०२६

**वृष राशि :** वर्ष पर्यन्त मीन राशि से शनि के गोचर में रोग मुक्त होगे। किसी उच्च अधिकारी अथवा वरिष्ठ का अनुग्रह रहेगा।  उच्च पदस्थ व्यक्ति से लाभ होगा। आय बढ़ेगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा सन्तान के दायित्वो की पूर्ति होगी। किसी समारोह में सम्मानित होगे। वर्ष के आरम्भ से मिथुन राशि में गोचर कर रहे गुरु से धनागम उत्तम रहेगा। समाज में प्रभाव बढ़ेगा। पद प्रतिष्ठा तथा ख्याति मिलेगी।  उन्नति के अवसर प्राप्त होगे। विरोध समाप्त होगा। धार्मिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। पारिवार के  मतभेद समाप्त होंगे। झगड़े झझंटो से छुटकारा मिलेगा। रोजी रोजगार में प्रगति होगी। कार्यो में सफलतायें मिलेंगी।

**जनवरी:** आंकाक्षाओ तथा इच्छाओं की पूर्ति होगी। बहुमूल्य वस्तुये प्राप्त होंगी। अपेक्षा से अधिक चरस्थाई लाभ प्राप्त करेगे। शासकीय माध्यम से भाग्योन्नति होगी। लम्बी दूरी की यात्राये करेंगे। भोगोपभोग की वस्तुओ का संग्रह होगा। 14 जनवरी से  अकारण ही धन तथा पुण्य की हानि होगी। अपमान जनक स्थिति बनेगी। मन अज्ञात कारणो से भयग्रस्त रहेगा। प्रयत्नो में असफलता से निराशा आयेगी, मन खिन्न रहेगा। आत्मविश्वास गिरेगा। सहोदरो से विरोध होगा। निर्बलता और थकान से कार्यो पर सुचारु रुप से ध्यान नही दे पायेगे। कार्यस्थल अथवा कार्यभार में परिवर्तन होगा। 17 जनवरी से अपवाद की स्थिति समाप्त होगी।  अवरोध समाप्त होगे। कार्य व्यवहार में परिवर्तन आयेगा। यात्राओं से लाभ होगा।

शुभ दिन **:** 02, 08, 11, 16, 21, 23, 25, 27, 29,

अशुभ दिन:  04, 06, 13, 18, 31

**फरवरी:** वाक्चातुर्य प्रदान से व्यवसायिक सफलता मिलेगी। पदोन्नति होगी। विरोधी परास्त होगे। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। सामाजिक कार्यो में समय देगे। महिलाओ के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी। मिथ्या अपवाद के शिकार होगे। किसी के दुर्व्यवहार से कष्ट होगा। खानपान बिगड़ेगा। मन अशान्त रहेगा। 13 फरवरी से स्वास्थय सुख रहेगा। प्रतिष्ठित कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा। सम्मानित व्यक्तियो का सानिध्य मिलेगा। 23 फरवरी से किसी कार्यवश विदेश अथवा सुदूर स्थान की यात्रा होगी। जंक फूड़ आदि से स्वास्थ्य खराब होगा। कार्यस्थल पर कठिन परिस्थितियो का सामना पड़ेगा, जिनके निवारण के लिये अवांछित मार्ग अपनाकर मुसीबत मोल लेगे। कार्यो में असफलता से मन खिन्न रहेगा।

VYAS PANCHANG

शुभ दिन : 05, 07, 10, 12, 17, 19, 21, 23, 26,

अशुभ दिन : 02, 15, 28

**मार्च:** व्यवसाय एवं अन्य कार्यो में सफलता से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पद प्रतिष्ठा मिलेगी। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। महिलाओ के माध्यम से लाभ मिलेगा। प्रेम सम्बन्धो में प्रगति होगी। मित्रो तथा सहकर्मियो का सहयोग रहेगा। आध्यात्मिक अथवा मांगलिक उत्सव में प्रमुख रुप से सक्रिय होगे। वरिष्ठो का अनुग्रह प्राप्त होगा। प्रशासकीय सहयोग रहेगा। रोगो से छुटकारा मिलेगा। सात्विकता में वृद्धि होगी। 26 मार्च से आर्थिक हानि का योग रहेगा। परन्तु कार्यो में सफलता मिलेगी। दुर्घटनाओं से बचाव होगा। खोई हुई वस्तु प्राप्त होगी। नये अनुबंधो के कियान्वन में बाधायें तथा अवरोध आयेंगे। मतभेद होंगे। वस्त्रो अथवा सफेद वस्तुओ के व्यापार से लाभ होगा।

शुभ दिन : 04, 06, 09, 11, 16, 18, 23, 25, 31

अशुभ दिन : 02, 14, 21, 27, 29,

**अप्रैल:** भूमि-भवन से लाभ के लिये उत्तम समय है। भवन के किराये से आय में वृद्धि होगी। भूमि भवन कय करेगे। कोर्ट कचहरी के मामलो मे आपके इच्छित परिणाम प्राप्त होगे। चले आ रहे मुकद्मो में विजयी होगे। सहोदरो से लाभ मिलेगा। 11 अप्रैल से पारिवारिक सुख शांति भंग होगी। धनागम में कमी रहेगी। रोग ग्रस्त होंगे। यश तथा मान सम्मान में कमी आयेगी। सन्तान के विषय में चिंता बनेगी। शुभ कार्यो में प्रवृति रहेगी। 14 अप्रैल से सफल यात्राये होगी। कार्य स्थल पर, रोजी रोजगार में सन्तुष्टि पूर्वक कार्य करने का अवसर मिलेगा। व्यय पर नियन्त्रण बनेगा। रोगा मुक्त रहेगे। अविवाहितो को विवाह योग बनेगा। शिक्षा तथा अध्ययन में सफलता मिलेगी। मन सात्विक विचारो तथा सत्यता की और अग्रसर होगा। व्यापार में उन्नति होगी। तरल पदार्थो, सुगन्धित द्रव्यो, श्रंगारिक वस्तुओ तथा सौन्दर्य प्रसाधनो के माध्यम से आय होगी। वार्तालाप के माध्यम से अनेक कार्यो में सफलता मिलेगी। पदोन्नति सम्बन्धी विवाद समाप्त होंगे।

शुभ दिन : 03, 05, 08, 13, 15, 17, 19, 21, 28, 30

अशुभ दिन : 10, 23, 25,

**मई:** व्यय पर नियन्त्रण बनाये रखने में सफल रहेगे। घर -परिवार का सुख मिलेगा। नेत्र रोग तथा रक्त चाप से छुटकारा मिलेगा। सन्तान के कार्यो से मान-सम्मान बढ़ेगा। योग्य व्यक्तियो का सन्तान योग रहेगा। प्रशासकीय

VYAS PANCHANG

लाभ मिलेगा। मनोरंजन, गायन, वादन, शिक्षा तथा अध्ययन में रुचि रहेगी। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। मतभेद, झगड़े, झंझट समाप्त होंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। बातचीत में भद्रता परीलक्षित होगी। लाभकारी यात्रायें होंगी। सुखोपभोग की वस्तुओ का संग्रह होगा। प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियो का सानिध्य प्राप्त होगा।

शुभ दिन : 03, 05, 12, 14, 16, 18, 25, 27, 30

अशुभ दिन : 08, 10, 20, 23,

**जून:** पारिवारक मतभेद समाप्त होंगे। झगड़े झझंटो से छुटकारा मिलेगा। रोजी, रोजगार कार्यो में प्रगति होगी। पिता अथवा पिता तुल्य व्यक्तियो के स्वास्थय में सुधार होगा। रोगो से छुटकारा मिलेगा। 08 जून से सहायको के कार्यो से विरोध बढ़ेगा। भाग्योदय में रुकावट रहेगी। परन्तु आर्थिक कठिनाई से बचें रहेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियो से मेल मिलाप बढ़ेगा। मानसिक तनाव समाप्त होगा। 20 जून से स्वास्थय खराब रहेगा। आपरेशन अथवा चोट लगने की आशंका रहेगी। असामाजिक तत्वो से पीड़ा रहेगी।यात्राओ में कष्ट होगा। विभिन्न उपद्रवो से मन में खिन्न होगा। दाम्पत्य सुख में कमी रहेगी।

शुभ दिन : 01, 09, 11, 13, 21, 24, 26, 29

अशुभ दिन : 04, 06, 15, 17, 19,

**जुलाई:** अन्यो के विचारो को समाहित करने, अहंकार की भावना पर नियन्त्रण कर पाने से अच्छी सफलता मिलेगी। अन्यथा मित्रो तथा परिवारज का असहयोग रहेगा। जीवन साथी से मतभेद होगे। दाम्पत्य सुख में कमी रहेगी। 07 जुलाई से प्रतिष्ठित एवं सम्मानित व्यक्तियो का सानिध्य प्राप्त होगा। किसी नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त मिलेगा। आर्थिक उन्नति होगी। उच्चाधिकारियो से सम्पर्क बनेगे। सन्तान के दायित्वो की पूर्ति होगी। वाकचातुर्य से लाभ मिलेगा। विद्या में प्रगति होगी। नये स्थान पर कार्यभार सभांलने का अवसर प्राप्त होगा।

शुभ दिन : 06, 08, 10, 12, 18, 21, 23, 26,

अशुभ दिन : 01, 04, 14, 16, 28, 31

**अगस्त:** मासारम्भ से पद तथा अधिकारो में कमी आयेगी। विभिन्न कारणों से हानि के कारण आर्थिक स्थिति निर्बल रहेगी। विरोधी मुखर होगे। मान-सम्मान तथा प्रतिष्ठा गिरेगी। भोग विलास से अरुचि होगी। प्रेमी युगलो में झगड़ा होगा। विभागीय परीक्षाओ में असफलता मिलेगी। मनोरंजक गतिविधियों के लिये समय का अभाव

VYAS PANCHANG

रहेगा। सन्तान के प्रति चिन्ता बढ़ेगी। परिवार से मतभेद होंगे। इसके पश्चात् मानसिक तनाव समाप्त होगा। सुख शांति बनेगी। शारीरिक दुर्बलता दूर होगी। परिश्रम के अनुरुप परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यो में सफलता मिलेगी। राजकीय भय का निराकरण होगा। डायजेशन से सम्बन्धित रोगो से मुक्ति मिलेगी। 05 अगस्त से पारिवारिक कलह बढ़ेगी। मन भयग्रस्त रहेगा। परिश्रम तथा साहस में कमी रहेगी। अपव्यय अधिक रहेगा। सुख शांति का अभाव रहेगा। यात्राओ में असुविधा होगी। भू-सम्पत्ति सम्बन्धी अड़चने बनेगी। दाम्पत्य जीवन में मतभेद होगे। मानहानि होगी। 22 अगस्त से स्थिति में सुधार होगा। धनागम बढ़ेगा। स्थाई सम्पत्ति बढ़ेगी।

शुभ दिन : 02, 04, 09, 15, 22, 27, 29

अशुभ दिन : 07, 11, 13, 17, 20, 25,

**सितम्बर:** विरोधी पक्ष प्रबल होगा। विवादो में विरोधी पक्ष को सफलता मिलेगी। सहयोगियो तथा साझेदारो से मनमुटाव तथा झगड़े होगे। उत्कट विरोध हानि का कारण बनेगा। वैचारिक मतभेद बढ़ेगे। इच्छा के विपरीत, परिस्थितियो के वशीभूत होकर समझोतो के लिये विवश होना पड़ेगा। सन्तान से अथवा सन्तान के कारण कष्ट होगा। यात्राओ में दुर्घटनाओ का भय रहेगा। 07 सितम्बर से झगड़े झंझटो से बचाव होगा। मानसिक तथा शारीरिक कष्ट समाप्त होगा। योजनाबद्ध कार्यो से सफलता मिलेगी। प्रेम प्रकरण तथा वार्ताओ में सफल रहेंगे। तार्किक क्षमता का लाभ मिलेगा। धातुओ के व्यापार से लाभ होगा। प्रशासनिक अधिकारियो को संतुष्ट करने में सफलता मिलेगी। प्रशासन से सहायता मिलेगी। आत्मविश्वास से व्यक्तित्व में प्रखरता आयेगी। यात्राओ में दुर्घटना से बचाव होगा। 26 सितम्बर से कार्यो में अपेक्षित सफलता का अभाव रहेगा। अध्ययन-अध्यापन में अरुचि रहेगी। विरोधी मुखर होंगे। क्रय शक्ति क्षीण होगी।

शुभ दिन : 01, 03, 05, 09, 11, 14, 16, 21, 23, 28,

अशुभ दिन : 07, 18, 26, 30

**अक्तूबर:** मास का ग्रह गोचर अनुकूल है। कार्यो में अच्छी सफलता मिलेगी। सुख समृद्धि बढ़ेगी। आरोग्य उत्तम रहेगा। प्रशासनिक सहयोग रहेगा। मान, पद- प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी अति निकट तथा विश्वासी सहयोगी के माध्यम से विरोधियो पर प्रभावी नियन्त्रण होगा। स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शांति बनेगी। पारिवारिक सदस्यो का भी सहयोग रहेगा। नवीन स्थान मिलेगा।

शुभ दिन : 06, 09, 13, 18, 21, 25, 27,

VYAS PANCHANG

अशुभ दिन : 02, 04, 11, 16, 23, 29

**नवम्बर:** अधिक अधिकार मि लने से आर्थिक स्थिति सबल बनेगी। मान- प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। राजसी भोजन तथा भोग विलास में रुचि रहेगी। प्रेमी युगलो में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय परीक्षाओ में सफलता मिलेगी। भूमि-भवन तथा स्थाई सम्पत्ति सम्बन्धी मामलो का समाधान होगा। विधि सम्मत कार्य करेगे। स्थान परिवर्तन स्थगित होगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। रोगो से छुटकारा मिलेगा। 16 नवम्बर से थका देने वाली यात्राओ में दुर्घटना की आशंका रहेगी। अपच, उदर विकार, कब्ज आदि से पीड़ित होगे। वैचारिक वाद विवादो में विरोधी पक्ष को सफलता मिलेगी। सहयोगियो तथा साझेदारो से मनमुटाव तथा झगड़े होगे। सन्तान से अथवा सन्तान के कारण कष्ट होगा।

शुभ दिन : 03, 05, 10, 15, 17, 20, 22, 24, 30

अशुभ दिन : 01, 07, 12, 26, 28,

**दिसम्बर:** आर्थिक स्थिति कठिन रहेगी। मनमुटाव तथा वैचारिक मतभेद रहेगे। प्रशासन से भय रहेगा। शरीर निस्तेज रहेगा, शिथिलता बढ़ेगी। यात्राओ तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ नही होगा। मन चिंताग्रस्त रहेगा। सुख भाव में कमी रहेगी। 16 दिसम्बर से परिश्रम के अनुकूल कार्यो में सफलता मिलेगी। विरोधियो पर प्रभुत्व स्थापित करने में सफल होंगे। रोगों से छुटकारा मिलेगा। शासन -प्रशासन का सहयोग रहेगा। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा। व्यय पर नियन्त्रण बनेगा। 22 दिसम्बर से सतांन के दायित्वो की पूर्ति के सम्बन्ध में चिन्ता रहेगी। आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति खराब होगी। बुद्धि चातुर्य काम नही करेगा। खानपान बिगड़ेगा। मन खिन्न रहेगा।

शुभ दिन : 04, 07, 12, 14, 21, 27,

अशुभ दिन : 02, 09, 17, 19, 23, 25, 29

VYAS PANCHANG